हरिभूमि

# शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 9 अक्टूबर को

**मण्डला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज बढ़ाने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं की पहुंच में सुधार के उद्देश्य से 9 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, आवश्यक निदान एवं परामर्श सहित प्रसव पूर्व देखभाल संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अभियान के लिए जिला अस्पताल मण्डला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी बंजर, बिछिया, बीजाडांडी, घुघरी, मवई, मोहगाँव, नारायणगंज, निवास सहित विभिन्न प्राथमिक एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों की सेवाएं निर्धारित की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पात्र गर्भवती महिलाओं से अभियान का लाभ लेने की अपील की है।

### आगामी पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक 9 अक्टूबर को

**मण्डला।** जिले में आगामी विजयादशमी (दशहरा), दीपावली एवं अन्य पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में शांति समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यालय तहसीलदार मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक 9 अक्टूबर 2026 को शाम 5:30 बजे जिला योजना भवन, मंडला में आयोजित होगी। बैठक में आगामी पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक समन्वय एवं तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिले के संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

## मौसम में ठंडक आते ही बढ़ने लगीं चोरी की घटनाएं

# निवास में दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी

*** स्टेडियम के समीप सरकारी आवास में हुई चोरी बी वारदात।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास





निवास तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक यशवंत झारिया एवं पटवारी पत्नि श्रीमती आकांशा झारिया पटवारी के घर दिनदहाड़े 12 से डेढ़ बजे के बीच बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों द्वारा एक लोहे की गैंती के माध्यम से दरवाजा व ताले में वारकर कमरे में घुसे और ठीक उसी गोदरेज आलमारी को खोला जिसमें झारिया परिवार अपने छोटे भाई की शादी में बधू के लिए लगभग 8 से 10 लाख के गहने लेकर रखे थे।

ज्ञात हो कि निवास के स्टेडियम ग्राउंड के बाजू से कर्मचारियों हेतु आवास बने हैं और इन्हीं में अधिकांश शासकीय कर्मचारियों के परिवार रह रहे हैं, जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त लिपिक यशवंत की पत्नी अपने बेटे के स्कूल से आ जाने से कार्यालय से अपने क्वार्टर पहुँची थी, तब उन्होंने कमरे का ताला टूटा देखा अंदर घुसने पर सारा माजरा साफ हो गया कि चोरी हो गई।

इस घटना से सन्न महिला ने तत्काल पुलिस को फोन पर जानकारी दी जिसके फलस्वरूप निवास पुलिस व 112 वाहन घटना स्थल पहुँचे पश्चात बड़ी चोरी को देखते हुये मंडला से डॉग स्क्वाड बुलाये जाने की बात कही गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मंडला स्क्वाड डॉग टीम मौके पर नहीं पहुँची जिसके कारण आगे की कार्रवाई नहीं हो पाई।



ऐसे में शासकीय छोटे कमरे में जहाँ चोरों ने जेवरों के खाली डिब्बे व गैंती छोड़कर भागे हैं इस दंपत्ति को खाना बनाना भी मुश्किल हो गया।

#### आज आयेगी डॉग स्क्वाड टीम

निवास पुलिस द्वारा बताया गया कि मंडला शहर में भी चोरी की घटना हुई है जहाँ डॉग स्क्वाड टीम गई हुई है, अतः उक्त टीम के आने पर ही चोरी की तह तक पहुँचने की उम्मीद है, साथ ही निवास पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

#### पूर्व में हुई दर्जनों चोरियों का आज तक नहीं मिला सुराग

ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षों में अनेकों छोटी बड़ी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, बीती घटनाओं में आम नागरिक सहित पुलिस अधिकारी नेताओं के घर तक में बड़ी चोरी की घटनाएं घट चुकीं हैं, लेकिन आज दिनाँक तक इन चोरियों का सुराग नहीं लगा पाई है, जिससे चोरों के हौंसले बढ़े हुये हैं, अब दिनके मध्य घर जिसके दोनों ओर के कमरों में लोग थे ऐसे में सरेआम हुई इस घटना ने आम नागरिकों व व्यापारियों के जानोमाल के खतरे ने लोगों की नींद उड़ा दी है।

#### घटना में प्रयुक्त गैंती खोल सकती है राज

ज्ञात हो कि वारदात वाली जगह के उत्तर में जनपद भवन व दक्षिण में सिविल अस्पताल भवन का कार्य चल रहा है, जहाँ गैंती उपकरण का उपयोग होना सामान्य बात है, वहीं दिन में चोरों द्वारा गैंती जैसे उपकरण को दूर से लाये जाने की संभावना कम ही नजर आती है ऐसे में इस चोरी का सुराग जुटाने में मौके पर पड़ी गैंती बड़ी सहायक हो सकती है।

पीड़ित यशवंत के अनुसार इनका अपना खुद का कहीं मकान भी नहीं है यही कारण है कि यशवंत अपनी जिम्मेदारी निभाने अपने छोटे भाई की शादी के गहने खरीद कर अपने आवास में रखे थे जिनपर चोरों ने हाथ साफ कर लिया।

## ब्रेन चाईल्ड एकेडमी के एनसीसी कैडेट्स ने माटी एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ तथा वन एमपी आर्टी रेजीमेंट एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल कीर्ति शिंत्रे मेडम, लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र सिंह शेखावत, सूबेदार मेजर एवं सूबेदार के निर्देशानुसार ब्रेन चाईल्ड एकेडमी, मण्डला की एनसीसी इकाई द्वारा "संकल्प वृक्ष–2026" के अंतर्गत विद्यालय परिसर में माटी एकत्रीकरण एवं मृदा संरक्षण जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृभूमि के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, मृदा संरक्षण एवं राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना था। एनसीसी कैडेट्स ने कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक चिन्हित स्थान से 1 किलोग्राम के दो पैकेट, कुल 02 किलोग्राम विद्यालय परिसर की माटी एकत्र कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रखी। इस अवसर पर ब्रेन चाईल्ड एकेडमी की प्राचार्या डॉ. दिव्या शुक्ला ने गतिविधि में सहभागिता करते हुए कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। एनसीसी अधिकारी एवं निर्देशक निशांत शुक्ला ने गतिविधि का आयोजन एवं संचालन किया। वरिष्ठ शिक्षिका रक्षा परमार ने कैडेट्स को मृदा संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार की मिट्टी अलग-अलग प्रकार के पौधों के लिए उपयुक्त होती है। साथ ही कैडेट्स को शपथ शपथ दिलाना ते हुए समझाया गया कि वे अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र में मिट्टी के कटाव, प्रदूषण एवं अनावश्यक क्षरण को रोककर, पौधारोपण तथा जैविक पदार्थों के उपयोग के माध्यम से मृदा संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। एनसीसी कैडेट्स ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ गतिविधि में भाग लिया तथा माटी, पर्यावरण और राष्ट्र के संरक्षण के प्रति अपना संकल्प दोहराया।



## भारत ज्योति ने मोंटफोर्ट व ब्रेन चाइल्ड ने नेहरू शाला को दी मात

*** अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



गुरुवार को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मुख्य आतिथ्य और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता का पहला मैच भारत ज्योति विद्यालय व मोंटफोर्ट स्कूल के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन भारत ज्योति ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए दो शून्य से जीव दर्ज की। भारत ज्योति विद्यालय की तरफ से पहला गोल धैर्य बैरागी ने किया, दूसरा गोल पृथ्वीराज ने किया। प्रतियोगिता का दूसरा में ब्रेन चाइल्ड अकैडमी और पंडित जवाहरलाल नेहरू विद्यालय महाराजपुर के बीच खेला गया। इस रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में पीयूष बैरागी के गोल की मदद से ब्रेन चाइल्ड ने यह मैच एक शून्य से जीत लिया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मैच अमल ज्योति स्कूल महाराजपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के मध्य खेला जाएगा। यह मैच दोपहर 1:00 बजे शुरू होगा। प्रतियोगिता का दूसरा मैच पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संगठन मंडला और ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मंडला के बीच खेला जाएगा। शुक्रवार का तीसरा व अंतिम मैच ब्रेन चाइल्ड अकैडमी और एक्सीलेंस स्कूल मंडला के मध्य खेला जाएगा। बता दें कि इस प्रतियोगिता में नगर की विभिन्न शासकीय और अशासकीय शालाओं की 10 टीम भाग ले रही हैं। लीग कम नॉकआउट आधार पर प्रतियोगिता का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान जिला हॉकी संघ के सचिव सैयद कमर अली, जिला फुटबाल संघ के संरक्षक अनिल सोनी, अनूप बासल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव पंकज उसराठे, मतीन खान, समीर बाजपाई, सैयद सिकंदर अली, अभिषेक यादव, प्रथम चौकसे उपस्थित थे।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनीबंजर



शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनीबंजर मंडला में दिनांक 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में तिथि अनुसार प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती करुणा नेमा की अध्यक्षता में आशीर्वाद का दीया से किया गया। महाविद्यालय में लगभग 500 दिए प्रज्वलित किए गए #मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नमो सेवा कार्यक्रम के तहत एन.एस.एस. के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। आगन मिलन सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत आआंगनबाडी को गोद लेकर बच्चों को पठन सामग्री एवं पोषण आहार का वितरण किया गया। 'सेवा कहानी' कार्यक्रम के अंतर्गत कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित छात्रों के जीवन में आए बदलाव पर छात्रों के द्वारा चर्चा की गई। सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इसके अंतर्गत छात्रो एवं स्टाफ के द्वारा सफाई कार्य किया। सेवा सेतु अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी दी गई एवं शासकीय योजनाओं से अवगत कराया गया। समस्त कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ विवेक जायसवाल, एसपी झरिया, डॉ श्रीमती कुती वराठे, आयुष हरदहा, पुष्पराज सिंह, डॉ. रियका पटेल, डॉ.रजीत कुमार भालेकर, अनिल धनगर, श्रीमती सुनैना सिंह, भानु प्रताप सिंह ठाकुर ओमप्रकाश झारिया, शरद रघुवंशी का पूर्ण सहयोग रहा।

**हमला** | **खाट पर सो रही महिला के सिर में बाघ ने मारा पंजा।**

# वन विभाग ने हमलावर बाघ का किया रेस्क्यू





*** महिला चीख सुनकर बेटा जागा और फिर किसी तरह बाघ भागा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

**मंडला जिले के आरोली गांव में देर रात एक महिला पर बाघ ने हमला किया। 50 साल की रमली बाई मरावी अपने घर के आंगन में खाट पर सो रही थीं, तभी बाघ ने उन पर हमला कर दिया।**

बाघ ने महिला को सिर से पकड़कर खाट से नीचे खींचा और कुछ दूर घसीटा। महिला की चीख सुनकर उनका बेटा बाहर आया और शोर मचाया। इसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया। हमले में रमली बाई के सिर और चेहरे पर गहरे घाव आए हैं। परिजन उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी-बंजर ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह इलाका कान्हा टाइगर रिजर्व से सटा है। वन विभाग को बाघ के होने की जानकारी थी और ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया था। विभाग ने घायल महिला को इलाज के लिए आर्थिक मदद भी दी है। घटना के बाद से वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। गुरुवार सुबह बाघ पास के खेत में सोता हुआ दिखा, जिस पर टीम नजर रख रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम भी मौके पर है और बाघ को पकड़ने की कोशिश कर रही है। घर की बाड़ी से रेस्क्यू कर मुक्की क्वारन्टाइन सेंटर भेजा मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व के अरौली गांव में एक महिला पर हमला करने वाले बाघ को वन विभाग ने गुरुवार सुबह रेस्क्यू किया। बाघ एक घर की बाड़ी में छिपा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर इलाका सुरक्षित कर आवाजाही रोकी।डॉ. संदीप अग्रवाल की देखरेख में वन विभाग के स्टाफ ने बाघ को सुरक्षित पकड़ा। पुलिस और स्थानीय लोगों ने इसमें मदद की। बुधवार रात 10.15 बजे 46 साल की रमली बाई पर बाघ ने हमला किया था। घायल महिला को बम्हनी बंजर, मंडला और जबलपुर रेफर किया गया। इलाज जारी है।

हमले के बाद वन विभाग ने अरौली में रातभर निगरानी की। सुबह बाघ के बाड़ी में होने की जानकारी पर उसे पकड़ा गया और मुक्की क्वारन्टाइन सेंटर भेजा गया, जहां स्वास्थ्य की जांच होगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

*** बकाया एरियर, मानदेय बढ़ाने और नियमितीकरण की मांग, पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संगठन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें लंबित मांगों के जल्द समाधान की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष अभिलाषा राय के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 तक का बकाया एरियर अभी तक नहीं मिला है। इसमें कार्यकर्ताओं के 1500 रुपए, सहायिकाओं के 750 रुपए और मिनी कार्यकर्ताओं के 1250 रुपए प्रति माह शामिल हैं। संगठन ने जल्द भुगतान मांगा है। ग्रेच्युटी सुविधा, सभी को नियमित करने और नियमितीकरण तक मानदेय 20 से 25 हजार रुपए प्रति माह करने की मांग भी रखी गई। अन्य मांगों में बंद रजिस्टरों का रखरखाव न करना, सिर्फ आवश्यक पंजी भरवाना, बीएसएनएल की जगह जियो सिम देना और खराब 3जी मोबाइल के बदले नया स्मार्टफोन या राशि देना शामिल है।




तीन साल से रुकी पीएमवी प्रोत्साहन राशि का भुगतान और केंद्रों का समय सुबह 10:30 बजे से करने की मांग भी की गई। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आज आयोजित होगा जनसंवाद शिविर




**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज शुक्रवार 9 अक्टूबर को जनपद पंचायत बाबई चीचली की ग्राम पंचायत सूखाखैरी में जनसंवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत अधिकारी बटेसरा, पनारी, मगरमुहा व सूखाखैरी ग्रामों में पहुंचकर फील्ड में रहेंगे और गांव-गांव भ्रमण कर आमजन से सीधा संवाद करेंगे। भ्रमण के दौरान विकास कार्यों की प्रगति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत नागरिक सुविधाओं तथा शासन की विभिन्न सेवाओं की उपलब्धता एवं स्थिति का जायजा लिया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली जाएगी।

### डाइट टीम ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) से व्याख्याता संजय शर्मा एवं गोविंद बड़कुर द्वारा विकासखंड साईंखेड़ा के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण एवं एफएलएन मानिटरिंग करते हुए शिक्षकों को अकादमिक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया । इस टीम ने ग्राम तूमडा, मुआर, सिरसिरी, संदूक पहुँचकर प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर का जायजा लिया। टीम द्वारा एटग्रेड एवं एफएलएन अभ्यास पुस्तिकायें देखने के साथ आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर बीएसी पवन राजोरिया साथ रहे। शिक्षकों मे पोहुप सिंह पटैल सहित अन्य उपस्थित मिले।

### हर गॉव में खेल मैदान बनाने की योजना कहा हो गई गायब

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** केन्द्र सरकार की हर गांव मे खेल मैदान बनाने की योजना पायका के अंतर्गत कागजों पर ही खेल मैदान बनाने की योजना काजगतों पर ही खेल मैदान बनाये जा रहे है, क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले लागू हुई इस योजना के तहत अभी तक एक भी खेल मैदान नजर नही आ रहा है जो इस योजना से बनकर तैयार हुआ हो? जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीड़ा खेल अभियान पायका के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों ओर खिलड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर 5 हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गॉवों मे खेल मैदान बनाए जाना था। सिखाऍंगे खेल के गुर- बताया जाता है कि इस योजना के तहत चिन्हित ग्राम के सरकारी स्कूलों मे खेल मैदान तैयार किए जाने थे, जिनमे संविदा के आधार पर 500 रूपए प्रतिमाह पर एक प्रशिक्षक की भी नियुक्ति की होनी थी? इनकी नियुक्ति के लिए एक समिति के गठन का भी प्रावधान था। वही बताया जाता है कि इस समिति मे ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव और स्कूल के प्राचार्य शमिल होगे। इस प्रशिक्षक को क्रीड़ाश्री नाम दिया गया है। यह प्रशिक्षक मैदान बनने के बाद बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों के गुर सिखाने के साथ साथ विभागीय गतिविधियों को भी संचालित करेगा। वही बताया जाता है कि 10 वर्षीय इस योजना मे ग्राम पंचायत मे स्कूल खेल मैदान एवं सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र सरकार द्वारा राशि आवंटित की जाएगी, जिसमे गठित कार्यकारी समिति खेल मैदान का निर्माण,खेल सामग्री,मल्टी जिम आदि पर व्यय करेगे,लेकिन इन सभी गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार से आवंटन प्राप्त नही हुआ है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 मे केन्द्र सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीडा खेल अभियान के तहत गॉवों मे खेल मैदान बनाने की योजना तैयार की गई थी जो ग्रामीण क्षेत्रों मे खेल गतिविधियों और खिलडियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के निर्देश पर हजार से अधिक की जनसंख्या वाले गांवों खेल मैदान बनाए जाना थे, मगर इस योजना की शुरूआत होते होते कई वर्ष निकल गया, मगर अनेक पंचायतों में अभी तक न तो खेल मैदान दिखाई दे रहा है और नही पंचायतें इस योजनाओं को सफल बनाने में दिखाई जान पड़ रही है।

# सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका तक बनी हुई सड़क पर निकल रही लोहे राड वाहन चालकों के लिये बन रही खतरा, चंद वर्ष पहले ही हुआ है इस सड़क का निर्माण







**हरिभूमि न्यूज/ बारहाबडा।** भले ही देश व प्रदेश में बैठे हुये नेताओं द्वारा लगातार बढ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये कितने ही प्रयास क्यों न किये जावे। मगर यदि प्रशासन तंत्र में बैठे हुये छोटे से लेकर बड़े अधिकारी शामिल हो तो शायद ही इस पर अंकुश लग पाना संभव नही हो पता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम सूखाखैरी से होते हुये बारहाबड़ा से निकलकर सालीचौका पौड़ार तिरहा तक लगभग 76 करोड़ रूपया की राशि से लगभग चंद वर्ष पहले बनाई गई सीमेन्ट सड़क में देखने मिल रहा है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य हुये लगभग मुश्किल से तीन से चार साल का समय ही निकला होगा और यह सड़क जहां तहां जिस तरह टूटते हुये पुलियों के बीचों बीच निकल रही लोहे की राडे वाहन चालको की जिन्दगी को खतरा पैदा तो कर ही रही है दूसरी ओर इस सड़क के निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को उजागर करने से नही चूक रही है? वही दूसरी ओर सड़क निर्माण से संबंधित उन अधिकारियों की पोल भी खुलने से नही चूक पा रही है कि आखिरकार उनके द्वारा जिस आधार पर इस सड़क निर्माण कार्य को लेकर अपनी संतुष्टि प्रदान करते हुये कार्य को सही बताते हुये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान कर डाला है..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के दौरान ही जिस तरह गफलत बाजी दिखाई देना शुरू हो गया था उस सच्चाई को को हरिभूमि द्वारा लगातार प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी भी अधिकारी द्वारा ध्यान देना उचित नही समझे जाने से लग रहा है कि शायद लक्ष्मी पूजन के आर्शीवाद के चलते अधिकारी भी मग्न हो चुके है? वैसे भी यदि इस सड़क निर्माण कार्य की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शुरूआती तौर से ही इस सड़क के निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता पर सबाल खड़े होने लगे थें? जब सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत करते हुये वक्त कुछ पुलियों का निर्माण कार्य ही हो पाया था कि और ग्राम बारहाबड़ा के पास निर्माणाधीन एक पुलिया निर्माण के दौरान ही धराशाही हो जाने के कारण उसमें काम करने वाले कुछ मजदूरों को चोटे भी आई हुई थी। वही दूसरी ओर इस सीमेन्ट सड़क निर्माण के दौरान की धराशाही हुई पुलिया ने जहां सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सबाल खड़े कर दिये गये थें। इस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर करते हुये संपूर्ण सच्चाई से अधिकारियों को समय समय पर अवगत कराया जाता रहा है। मगर कहा जाता है कि जहां लक्ष्मी पूजन का प्रभाव होता है वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को भी आम के पेड़ में इमली लगी हुई दिखाई देने से नही चूक पाती है और शायद यही हाल इस सड़क के निर्माण कार्य की देख रेख में लगे हुये जिम्मेदार अधिकारियों का देखने मिला है जो सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता को निर्माण के दौरान पूर्णरूप से नजर अंदाज करते हुये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को अपनी ओर से छूट प्रदान करने से नही चूके होगे जिसके चलते यह सड़क जहां निर्माण के चंद वर्ष के अंदर ही जहां तहां से टूटते हुये नजर आने लगी थी और इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को अपनी ओर से प्रदान किये गये संतुष्टि प्रमाण पत्र के चलते निर्माण कार्य का भुगतान हो गया और अपने निर्माण के चंद यानि की मात्र तीन चार साल के अंदर ही यह सड़क जहां तहां से टूटने के साथ पुलियों की और निकल रही लोहे की राड़े वाहन चालकों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर लगभग 76 करोड़ की लागत से बनी हुई इस सड़क मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात साबित होने से नही चूक रही है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस सोच के चलते क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं द्वारा इस क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान को रखते हुये दिन रात एक करते हुये इस सड़क को स्वीकृत कराने के बाद शासन द्वारा इस सड़क निर्माण के लिये करोड़ो रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर संबंधित विभाग से जुडे हुये अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर जिस प्रकार शासकीय धन की होली खेलते हुये सड़क का निर्माण कार्य किया था और वह सड़क जब अपने निर्माण के चंद वर्ष भी नही चल सकी तो फिर यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इस सड़क के निर्माण में हुई गफलत की मलाई में कितने हिस्सेदार रहे होगे की लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही हो सकी और करोड़ो की राशि की खुलेआम होली खेले जाने के कारण क्षेत्र की जनता को परेशानियों का सामना करते हुये अपनी जिन्दगी को खतरे में डालने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है..? यदि सड़क निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी और इस विभाग के जुडे हुये उन अधिकारियों से लेकर क्षेत्र की छुटभैया नेताओं के चेहरे भी उजागर हो जावेगे जो इस प्रकार गुणवत्ता को दर किनार सड़क निर्माण का कार्य करने वाली कंपनी को अपना अघोषित रूप से संरक्षण देने से नही चूके है..?

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित की गई कार्यशाला



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली अंतर्गत ग्राम रायपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय में कक्षा 9 वीं से लेकर कक्षा 12वीं में कुल दर्ज 454 विद्यार्थियों के लिए सूक्ष्म कृमियों से निजात पाने हेतु एल्बेंडाजोल की गोलियों का वितरण किया गया।विद्यालय में आयोजित उक्त कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम में श्रीमती आश्वस्ति मर्सकोले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए विभिन्न सोपानों के माध्यम से विस्तृत जानकारी देने के साथ ही श्रीमती प्रीति सेन ए.एन.एम. एवं श्रीमती ममता अहिरवार आशा पर्यवेक्षक के द्वारा बच्चियों में एनीमिया से बचाव, पूरक पोषण आहार, नेत्र परीक्षण, एल्बेंडाजोल गोली का उपयोग, फोलिक एसिड की गोलियों का उपयोग एवं बच्चियों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। संस्था में दर्ज समस्त विद्यार्थियों के बीच अपनी उपस्थिति में कृमिनाशक गोलियों का वितरण करवा कर संस्था प्राचार्य गजेन्द्र सिंह कौरव एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती उषा कुरचानिया के निर्देशन में समस्त विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए विशिष्ट प्रकार से मार्गदर्शित किया गया।उक्त कार्यक्रम विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं समस्त शिक्षकीय स्टाफ की सहभागिता में सम्पन्न हुआ।

## नगर का प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने वाली आयुषी का वापिसी पर सालीचौकावासियों ने किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** निश्चित तौर से जब शहर की बेटी या बेटा किसी बड़े स्तर पर सफलता हासिल करता है तो पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से आयुषी अहिरवार की सफलता को लेकर सालीचौका क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने मिल रही है। वही आयुषी के अपने नगर वापसी के दौरान उनके स्वागत के लिये रेल्वे स्टेशन पर लोगों की जिस तरह से भीड़ का आलम देखने मिला उसके चलते एक बेटी के माता पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलकने से नही चूक पा रहे थें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री से राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार लेकर सालीचौका पहुंची आयुषी अहिरवार 'मेरे सपनों का भारत' राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव। इस तरह आयुषी के नगर वापसी के चलते रेलवे स्टेशन से स्कूल तक गाजे-बाजे के साथ जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत और अभिनंदन। 'मेरे सपनों का भारत' राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में नगर के जाने वाले गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभावान छात्रा आयुषी अहिरवार* ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर सालीचौका सहित संपूर्ण जिले का नाम गौरवान्वित किया है। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में आयुषी ने *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों प्रथम पुरस्कार* प्राप्त किया। प्रदेश स्तरीय उपलब्धि हासिल करने के बाद आयुषी अहिरवार के सालीचौका लौटने पर नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नगर के रेलवे स्टेशन पहुंचते ही आयुषी का परिजनों और स्कूल परिवार ने गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद स्टेशन से गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल तक विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी देते हुये उज्जबल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच आयुषी के सम्मान में जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही स्कूल परिसर पहुंचने पर विद्यालय परिवार ने भी उनका जोरदार अभिनंदन किया। आयुषी की इस उपलब्धि को क्षेत्र की बेटियों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया गया। आयुषी की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर सालीचौका लौटी आयुषी का भव्य स्वागत क्षेत्र में उसकी उपलब्धि के प्रति लोगों के उत्साह और गर्व को दर्शाता है।

## वोकेशनल छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण




**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शिक्षा केवल पुस्तकों के पन्नों तक सीमित न रहकर जब वास्तविक जीवन और कार्यक्षेत्र से जुड़ती है तो सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं सार्थक हो जाती है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय, समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के वोकेशनल छात्र-छात्राओं को गाडरवारा स्थित सारा कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर का औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित विभिन्न कंप्यूटर एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों की प्रारंभिक जानकारी दी गई। संस्थान के संचालक कमल साहू एवं स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रमों की उपयोगिता तथा तकनीकी दक्षताओं के व्यावहारिक पक्ष से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने कंप्यूटर लैब का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षण की गतिविधियों को नजदीक से समझा और विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं विशेषज्ञों के समक्ष रखीं। संस्थान के स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें इन पाठ्यक्रमों की भविष्य में उपयोगिता एवं रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें कौशल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु को वास्तविक कार्यक्षेत्र से जोड़ने का अवसर देता है। ऐसे अनुभव विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें भविष्य के लिए अधिक सजग एवं सक्षम बनाते हैं। विद्यालय के व्यावसायिक प्रभारी शिक्षक सत्यम ताम्रकार ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों में ऐसी दक्षताओं का विकास करना है, जिनका उपयोग वे अपने जीवन एवं कार्यक्षेत्र में कर सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि कक्षा में अर्जित ज्ञान जब प्रयोग शाला और वास्तविक कार्यस्थल से जुड़ता है। तब सीखना अनुभव में परिवर्तित होता है। औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को विभिन्न व्यवसायों की कार्यप्रणाली समझने, अपनी रुचियों को पहचानने तथा भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति सजग होने का अवसर प्रदान करता है। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक सरफराज मोहम्मद एवं दिनेश गर्ग उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संस्थान में प्राप्त जानकारी को अपने व्यावसायिक अध्ययन से जोड़ने तथा व्यावहारिक रूप से समझने के लिए प्रेरित किया। यह शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर के निर्देशन तथा व्यावसायिक प्रभारी शिक्षक सत्यम ताम्रकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं अनुभवपरक रहा। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा के बदलते स्वरूप को नजदीक से देखा और भविष्य में कौशल आधारित शिक्षा के महत्व को समझा।



### प्रत्येक शुगर मिल के पास शासकीय तुलाई काटा लगाये जाने की उठ रही मांग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लगातार परेशानियों से जूझ रहे किसानों की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा तो दिलाया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र मंचों तक ही सीमित रहने से नही चूक पाता है, जिसका परिणाम है कि क्षेत्र के गन्ना किसान हर वर्ष शुगर मिलों में शोषित होते हुये अपना गन्ना बेचने के लिये मजबूर होने से नही चूक पाता है। क्योंकि शुगर मिलों द्वारा निर्धारित किये जाने वाले तोल काटों पर किसान के गन्ने की तुलाई किस तरह से होती है इस बात की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी हो? मगर इसे किसानों की मजबूरी कही जावे जिसके चलते वह चाहकर भी अपनी आवाज बुलंद नही कर पाते है और जो किसान अपनी आवाज बुलंद करने का प्रयास करता है उसकी आवाज को दवाने के लिये शुगर मिलों के मालिक अनेक प्रकार के प्रयास करने से नही चूकते है? इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा शुगर मिलों के संचालन की शुरूआत होने के पहले ही शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि शुगर मिलों में गन्ने की खरीदी का कार्य शुरू होने के पहले ही प्रत्येक शुगर मिलों के पास शासकीय तोल कांटे स्थापित किये जावे जिससे किसानों का शोषण होने से बच सके। क्योंकि जब गन्ने का सीजन शुरू हो जाता है उस दौरान शुगर मिलों के संचालक पूर्ण मनमानी पर उतारू होकर किसानों के गन्ने की तुलाई में गफलतबाजी करने से नही चूकते है उस दौरान यदि किसी किसान द्वारा इस बात को लेकर आवाज उठाई जाती है तो शुगर मिल मालिकों द्वारा उसकी आवाज दबाने के लिये उसका गन्ना लेने से इंकार कर दिया जाता है या फिर इतनी देरी की जाती है जिसके चलते किसानों को मजबूर होकर अपने गन्ना फसल को ठिकाने लगाने की सोच के चलते चुप्प रहने के लिये मजबूर होना पड़ता है।<

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में हो रही भक्ति रस की वर्षा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर समस्त पितृजनों के मोक्ष एवं कल्याण हेतु गाडरवारा के बोदरी रोड स्थित माँ अन्नपूर्णा मंदिर के सामने भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन जारी है। प्रतिदिन कथा मे शाम 3 बजे से 6 बजे तक वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध भागवताचार्य अभिमन्यु कृष्ण महाराज द्वारा प्रवचन सुनाये जा रहे है। इस मौके पर बुधवार को उन्होंने भगवान के वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि दैत्यराज बलि अत्यंत दानवीर, धर्मात्मा और पराक्रमी राजा थे। उन्होंने गुरु शुक्राचार्य के मार्गदर्शन में 'विश्वजित यज्ञ' करके असीम शक्तियाँ प्राप्त कर लीं और स्वर्गलोक पर आक्रमण करके देवराज इन्द्र तथा देवताओं को वहाँ से विस्थापित कर दिया। इन्द्र की माता अदिति अपने पुत्रों के कष्ट से दुःखी हुईं। उन्होंने अपने पति महर्षि कश्यप की आज्ञा से 'पयोव्रत' का अनुष्ठान किया। इस व्रत से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने अदिति के गर्भ से अवतार लेने का वचन दिया।भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि (वामन द्वादशी) को भगवान




विष्णु ने अदिति और कश्यप के यहाँ एक छोटे (बौने) बटुक ब्राह्मण के रूप में अवतार लिया। महर्षि कश्यप और ऋषियों ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया। इस दौरान उन्हें सूर्यदेव ने सावित्री मन्त्र दिया, माता अदिति ने कौपीन, ब्रह्मा जी ने कमण्डल,



गुरु शुक्राचार्य ने मेखला और कुबेर ने भिक्षापात्र प्रदान किया उन्होंने कहा कि उस समय राजा बलि नर्मदा नदी के तट पर 'भृगुकच्छ' (अश्वमेध यज्ञ) कर रहे थे। जब बाल वामन यज्ञशाला में पधारे, तो उनके अद्भुत तेज से पूरी सभा आलोकित हो उठी।



राजा बलि ने आदरपूर्वक उनके चरण धोए और सिर पर जल लगाया, फिर प्रार्थना की कि जो भी इच्छा हो—गो, स्वर्ण, भूमि या कन्या—माँग लें। आज की यह कथा सिखाती है कि भगवान भक्त का सब कुछ ले लेते हैं।<

खबर संक्षेप



## कालिदास समारोह में संस्कृत की प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

डिंडौरी। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में गुरुवार को जिला स्तरीय कालिदास समारोह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें प्राचीन वैदिक ग्रंथों के अध्ययन के लिए प्रेरित करना रहा।प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6वीं से 8वीं) और वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9वीं से 12वीं) के विद्यार्थियों ने श्लोक गायन, चित्रकला एवं नृत्यनाटिका प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्लोक गायन के कनिष्ठ वर्ग में करंजिया ब्लॉक की सुभी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी की कक्षा 10वीं की छात्रा पूर्णिमा करचाम प्रथम रहीं।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाकवि कालिदास द्वारा संस्कृत में रचित नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' का मंचन रहा। मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजिया के विद्यार्थियों ने शिक्षक गणेश प्रसाद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में नाटक प्रस्तुत किया। इसमें वैष्णवी वर्मा, गीतांजलि यादव, मोनिका मरावी, वर्षा बघेल और अंकिता आर्मो ने अभिनय किया।जिला स्तरीय कालिदास समारोह का आयोजन नोडल शिक्षक रोहित कुमार वशेष, वीरेन्द्र कुमार उद्देशिया ,नीतु सिंह रघुवंशी एवं जितेन्द्र दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य उपासना चौबे एवं वरिष्ठ शिक्षिका लतिका डेनियल ने संस्कृत भाषा की वर्तमान उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## गोवा में डिंडौरी की खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक



डिंडौरी। गोवा के मनोहर पार्कर इंडोर स्टेडियम, नवेलिम में आयोजित इंडो-श्रीलंका ओपन कराते चैंपियनशिप-2026 में डिंडौरी की बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने काता और कुमीते स्पर्धाओं में जिले का प्रतिनिधित्व किया।कराते प्रशिक्षक मनीषा बैरागी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शामिल मैना वालरे ने 55 किलोग्राम वर्ग के काता में स्वर्ण और कुमीते में कांस्य पदक हासिल किया। गरिमा भारद्वाज ने 40 किलोग्राम वर्ग के काता और कुमीते दोनों में रजत पदक जीते।इसी तरह दुर्गा अहिरवार ने 50 किलोग्राम वर्ग के काता और कुमीते में रजत पदक प्राप्त किए। दामिनी परस्ते ने 55 किलोग्राम वर्ग के काता में रजत और कुमीते में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं केशरी धुर्वे ने 55 किलोग्राम वर्ग के काता में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटीं खिलाड़ियों का कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने स्वागत कर मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान खेल सामग्री अथवा उपकरणों की आवश्यकता होने पर उन्हें उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे।कलेक्टर ने कराते प्रशिक्षक मनीषा बैरागी का भी सम्मान किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रोशन बाबू झारिया, आरती सोंधिया, सुनीता धुर्वे और राजकुमार धुर्वे सहित अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने भी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# कलेक्टर की चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बुधवार को बजाग विकासखंड के कारोपानी और चरखुटिया क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। चरखुटिया में आयोजित चौपाल में करीब 60 से 70 ग्रामीण शामिल हुए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से क्षेत्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उनकी समस्याएं सुनीं।चौपाल में कलेक्टर ने बच्चों और ग्रामीणों से स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, नल-जल योजना और सड़क जैसी सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। बच्चों से उनकी पढ़ाई और स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के साथ आंगनवाड़ी से मिलने वाली सेवाओं के बारे में भी चर्चा की। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### नर्मदा किनारे घाट निर्माण के निर्देश

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नर्मदा नदी के किनारे पहुंचकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। जहां घाट की आवश्यकता है, वहां घाट निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को घाट निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजने को कहा।कलेक्टर ने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नल-जल पाइपलाइन और अन्य संरचनाओं की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश भी दिए। सड़क से जुड़े आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजने को कहा गया। ग्रामीणों ने समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल पर कलेक्टर का आभार जताया।

### कारोपानी के हिरनों के संरक्षण पर चर्चा

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने कारोपानी क्षेत्र में मौजूद करीब 250 हिरनों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने हिरनों की गतिविधियों, संरक्षण के प्रयासों और वन क्षेत्र में उनकी सुरक्षा की स्थिति की जानकारी ली।कलेक्टर ने ग्रामीणों से वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करने और हिरनों को किसी भी प्रकार की क्षति से बचाने की अपील की। वहीं वन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को हिरनों की निगरानी, सुरक्षा और संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण को लेकर ग्रामीणों से सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की अपील करते हुए प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में सहयोग करने को कहा। इस दौरान डीएफओ अशोक कुमार सोलंकी, आईएफएस अपूर्व, आईएफएस शशिकुमार, डिंडौरी एसडीएम रामबाबू देवांगन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# नलजल योजनाओं के काम में तेजी लाएं, समय-सीमा में करें पूरा



डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन, नलजल योजनाओं की प्रगति, एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं तथा 'हर घर जल' के तहत रिपोर्टेड, सर्टिफाइड और हस्तांतरित ग्रामों की स्थिति की समीक्षा की गई।बैठक में हर घर जल घोषित ग्रामों में हैंडओवर के लिए लंबित कार्यों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में नलजल योजनाओं की मरम्मत और सुधार के लिए चिन्हित ग्रामों की भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में एकल ग्राम योजना, समूह ग्राम योजना और ओवरलैप सहित कुल 904 ग्रामों में नलजल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें एकल ग्राम योजनाओं के करीब 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि हर घर जल रिपोर्टेड ग्रामों में 87 प्रतिशत कार्य पूरे किए जा चुके हैं।

### कनेक्शन ही नहीं, नियमित पानी भी जरूरी

कलेक्टर ने बारिश का दौर समाप्त होने के बाद निर्माणाधीन योजनाओं के कार्यों में तेजी लाते हुए सभी काम निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नलजल योजना का उद्देश्य केवल घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार को नियमित और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी नल कनेक्शनों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित होने के बाद ही किसी योजना का हैंडओवर लिया जाए। इसके पहले जलस्रोत, पाइपलाइन, पंप, मोटर सहित अन्य व्यवस्थाओं की पूरी तरह जांच और टेस्टिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं की प्रगति केवल कागजों तक सीमित न रहे। अधिकारी मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों के घरों तक वास्तव में पानी पहुंच रहा है या नहीं। योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के साथ तकनीकी अथवा अन्य कारणों से प्रभावित कार्यों का तत्काल निराकरण करने को कहा गया।उन्होंने कहा कि नलजल योजनाएं ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और जीवन से सीधे जुड़ी हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य नहीं होने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करने तथा बिना स्वीकृति या गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर भुगतान रोकने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर ने नलजल योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने और अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। पूर्ण हो चुकी योजनाओं वाले ग्रामों में भी जलापूर्ति की नियमित निगरानी करने तथा जहां सुधार या मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

# कलेक्टर के निर्देश पर नगर परिषद की कार्रवाई



डिण्डौरी। नगर की यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा मुख्य मार्ग को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने की दिशा में नगर परिषद डिण्डौरी ने गुरुवार को प्रभावी कार्रवाई शुरू की। कलेक्टर अंजू पवन भादौरिया के निर्देश पर नगर परिषद के अमले ने मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ डिवाइडर पर लगे पेड़ों की छंटाई तथा डिवाइडर के रंग-रोगन का कार्य भी प्रारंभ कराया।गौरतलब है कि नगर की मूलभूत व्यवस्थाओं और मुख्य मार्ग की स्थिति को लेकर एक दिन पूर्व नगर अध्यक्ष कान्हा शर्मा ने कलेक्टर के समक्ष नगर से जुड़ी 7 सूत्रीय मांगें प्रमुखता से रखी थीं। इन मांगों में नगर की यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, साफ-सफाई और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया गया था। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।इसके बाद नगर परिषद द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू करते हुए मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही डिवाइडर पर बढ़े हुए पेड़ों की शाखाओं की छंटाई कर सड़क एवं यातायात क्षेत्र को अधिक व्यवस्थित किया गया। डिवाइडर के रंग-रोगन का कार्य भी प्रारंभ हो गया है, जिससे मुख्य मार्ग की सुंदरता में सुधार आने की उम्मीद है।

कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति भी बनी। दुर्गा मंदिर के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सब्जी विक्रेता द्वारा नगर परिषद के अमले के साथ कथित रूप से अभद्रता किए जाने की बात सामने आई। इसी दौरान वार्ड प्रभारी के साथ कथित झूमा-झपटी की स्थिति भी निर्मित हुई। मामले को लेकर नगर परिषद की ओर से कोतवाली थाना डिण्डौरी में शिकायत दर्ज कराई गई है।कार्रवाई के दौरान राजस्व प्रभारी आशीष कोरी सहित नगर परिषद का अमला मौके पर मौजूद रहा और कार्रवाई को व्यवस्थित रूप से संपादित कराया गया।स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को कलेक्टर के निर्देशों के तत्काल अनुपालन के रूप में देखा जा रहा है। खासतौर पर एक दिन पहले नगर अध्यक्ष द्वारा उठाए गए 7 सूत्रीय मुद्दों के बाद अगले ही दिन कार्रवाई शुरू होने से यह संदेश गया है कि नगर की व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन त्वरित कार्रवाई के मूड में है।अब शहरवासियों की नजर इस बात पर रहेगी कि मुख्य मार्ग से हटाए गए अतिक्रमण के बाद नियमित निगरानी और स्थायी व्यवस्था कितनी प्रभावी रहती है, ताकि दोबारा उसी स्थान पर अतिक्रमण न हो और नगर का मुख्य मार्ग यातायात, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण की दृष्टि से व्यवस्थित बना रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत "नशा मुक्त भारत एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों, साइबर अपराधों से बचाव तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजित कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अमरपुर पुलिस प्रशासन के सहयोग से हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह धुर्वे एवं भावेश प्रकाश धुर्वे ने कहा कि विद्यार्थियों को नशे से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के साथ-साथ वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की जानकारी दी गई। एवं विद्यार्थियों को साइबर ठगी, फर्जी कॉल एवं मैसेज, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने तथा युवा शक्ति को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आशीष कुमार मरावी एवं हरीशंकर गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों से नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया गया। नशे से दूरी और साइबर अपराधों के प्रति सजगता ही सुरक्षित एवं सशक्त समाज की पहचान हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत एवं सायबर सुरक्षा जागरूकता पर एक संकल्प के साथ शपथ ग्रहण कर स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं समुदाय को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ राम कुमार टेकाम, आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. अनिल कुशराम, हुस्न आरा अंसारी सहित कर्मचारीगण ऋचा जंघेला, सुमनला मरावी, सुरेन्द्र कुमार नागेश, कांति धुर्वे, आरती मरावी, सूरजवती, खुशी व्याम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवरात्रि, दशहरा और जवारा विसर्जन को लेकर पुलिस ने की बैठक



डिंडौरी। नवरात्रि, दशहरा एवं जवारा विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना कोतवाली डिंडौरी में आयोजक समितियों, डीजे एवं टेंट संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में एसडीओपी सतीश द्विवेदी, तहसीलदार ब्रजभान मार्को, थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके, एमपीईबी से अनिल ठाकुर सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।अधिकारियों ने आयोजक समितियों से धार्मिक आयोजनों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। साथ ही जुलूस और जवारा विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए निर्धारित मार्ग और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया। बैठक में डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा और समय-सीमा का पालन करने के निर्देश दिए गए। आयोजकों को अश्लील, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक गीत और नारे नहीं बजाने के लिए भी कहा गया। बिना अनुमति अथवा नियमों के विपरीत डीजे संचालन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।जुलूस में वाहनों पर ओवरलोडिंग, खतरनाक तरीके से सवारी कराने और हथियारों के प्रदर्शन पर भी रोक रहेगी। विद्युत व्यवस्था को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। खुले या असुरक्षित विद्युत तारों के उपयोग से बचने तथा टेंट संचालकों को सुरक्षित वायरिंग और आपात स्थिति में आवागमन के लिए पर्याप्त रास्ता खुला रखने को कहा गया।जवारा विसर्जन के दौरान नदी, तालाब और अन्य जलाशयों में सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। आयोजक समितियों से स्वयंसेवकों के माध्यम से जुलूस और विसर्जन स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।अधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा और जवारा विसर्जन जैसे पर्व आपसी सद्भाव और भाईचारे के प्रतीक हैं। सभी समितियां और नागरिक मिलकर इन्हें शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि अथवा विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित



डिंडौरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में वृद्धजनों को उनके अधिकारों, शासकीय योजनाओं और उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी जा रही है।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव, ज्ञान और संस्कारों को समाज की महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए उनके सम्मान और अधिकारों पर संवाद किया गया। वृद्धजनों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण से जुड़े अधिकारों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। परिवार और समाज में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार अपनाने पर भी जोर दिया गया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए गए। शिविर में ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, दवाओं के सही सेवन और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। उन्हें OTP, ATM PIN, बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी और पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की सलाह दी गई। साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल बैंक और पुलिस अथवा साइबर सहायता व्यवस्था से संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करने, उनकी जरूरतों को समझने और उनके साथ समय बिताने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों तक स्वास्थ्य, अधिकार, सुरक्षा, शासकीय योजनाओं और सहायता सेवाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित, स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

हरिभूमि

# नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

# कलेक्टर के निरीक्षण के बाद भी नहीं दुरूस्त हुई व्यवस्थाएं

## परिवहन विभाग के कार्यों में दलालों की महत्वपूर्ण भूमिका, अधिकारी कार्यप्रणाली पर भी सवाल



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सरकार द्वारा बेहतर परिवहन व्यवस्था प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने पर तुले रहते है। ऐसा ही मामला जिले के परिवहन विभाग का है जहां पर लंबे समय से अव्यवस्था व दलालों के मकड़जाल में जकड़ा हुआ है। बीते दिनों कलेक्टर द्वारा औचक निरीक्षण कर परिवहन विभाग की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर कर्मचारियों की खैर खबर ली तथा अनुपस्थित कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। कलेक्टर निरीक्षण का भी परिवहन विभाग के दलालों व अधिकारी पर कोई प्रभाव नही पड़ा और कलेक्टर के जाते ही कार्य पुनः पूर्व से चली आ रही परिपाटी के अनुरूप संचालित होने लगा।

### कलेक्टर ने निरीक्षण कर दिए थे निर्देश

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति, नागरिक सेवाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने वाहनों के पंजीयन की स्थिति, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, आज प्राप्त आवेदनों तथा फिटनेस कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### निरीक्षण का नहीं निकला परिणाम

बीते दिनों कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण का कोई ठोस परिणाम सामने नही आ सका है। लोगों का कहना है कि कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया था तो व्यवस्थाओं में सुधार होना चाहिए था लेकिन निरीक्षण ठीक तुरंत बाद व्यवस्थाएं जस के तस हो गई और कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान रफूचक्कर हुए दलाल भी थोड़ी देर मे आकर अपनी दुकान जमा कर संचालित करने लगे। जिससे यह प्रतीत होता है कि परिवहन विभाग पूरी तरह से दलालों के मकड़जाल में उलझा हुआ है। कलेक्टर के निरीक्षण के बाद परिवहन विभाग का संचालन पुराने ढंग से पुनः प्रारंभ हो गया। लोगों में चर्चा है कि परिवहन विभाग सुधरने वाला नहीं है। अधिकारियों के सामने विभाग के कर्मचारी सीधे व सज्जन बन जाते है तथा दलाल मौके से रफूचक्कर हो जाते है लेकिन अधिकारियों के जाते है सब ज्यों का त्यों हो जाता है।

### अधिकारी के कार्य प्रणाली पर भी सवाल

जिले की परिवहन विभाग पूरी तरह से दलालों के मकड़जाल में फसा हुआ है आम नागरिकों को यदि परिवहन संबंधी कार्य कराना है तो बिना दलालों के कोई कार्य हो पाना संभव नही होता है दलालों द्वारा प्रत्येक कार्य की सूची बनाकर दाम फिक्स कर लिए गए है। हर काम के अलग - अलग दाम है सूत्रों के अनुसार दलालों द्वारा कराए जाने वाले कार्य में प्रत्येक फाइल का हिस्सा अधिकारी के भी दिया जाता है। दलालों के साथ मिलकर जिले की जनता को लूटने का सिंडीकेट अधिकारी और दलालों ने मिलकर बना रखा है। यदि व्यक्ति स्वयं फाइल लेकर अधिकारी के समय पहुंचता है तो बाबूओं द्वारा फाइल मे इतनी कमी निकाल दी जाती है और व्यक्ति मजबूर होकर दलाल को पैसे देकर कार्य कराने के लिए मजबूर हो जाता है ऐसी स्थिति में अधिकारी की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठता है। प्रशासन को चाहिए की परिवहन विभाग की समय - समय पर जांच होती रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
24092026 Jabalpur Narmada Bhoomi - 24 Sep 2026 - Page 4



### अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने का निर्देश

#### कलेक्टर ने जिला परिवहन कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति, नागरिक सेवाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने वाहनों के पंजीयन की स्थिति, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, आज प्राप्त आवेदनों तथा फिटनेस कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान सितंबर माह की उपस्थिति पंजी पर कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने की स्थिति सामने आई। लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारी मो. आरिफ खान का वेतन आहरण नहीं किए जाने तथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं निरीक्षण के दिन अनुपस्थित पाए गए सहायक ग्रेड-3 श्री धीरेन्द्र कुमार खोहिया का उक्त दिवस का वेतन आहरित नहीं किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी अभिमेष गढ़पाल सहित परिवहन विभाग का अमला मौजूद रहा।

# कांग्रेस ने वोट चोरी के विरोध में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर दिल्ली में राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी ब्लॉक के सांसदों को कथित वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान रोके जाने एवं हिरासत में लिए जाने के विरोध में नरसिंहपुर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों एवं संविधान की रक्षा की मांग उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति निर्मित हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। कुछ समय तक घटनास्थल पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को डिटेन कर हिरासत में लिया। हिरासत में लिए जाने के दौरान भी कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर लगातार नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है। लोकतंत्र एवं संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर उठ रही आवाज को दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस का यह प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकारों एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प को मजबूती से सामने रखता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 56 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। थाना कोतवाली पुलिस को एक विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पालनखेत मुर्गी फार्म हाउस, बाली डामर रोड, नरसिंहपुर क्षेत्र में अधिक मात्रा में अवैध शराब लेकर आने वाला है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल पालनखेत क्षेत्र में पहुंचकर हिकमत-अमली से घेराबंदी की गई। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए एवं सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की निगरानी की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 56 बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5600- है। अवैध शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

# अवैध क्लीनिक संचालक पर हो कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था आने दिन सवालों की घेरे मे बनी रहती है जबकि सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिए जाने को लेकर निरंतर प्रयासरत बनी हुई है लेकिन जिले के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जिले मे ग्रामीणों क्षेत्रों पर नीम हकीमों का मकड़जाल फैला हुआ है प्रत्येक गांव में एक या दो नीम हकीम जरूर होते है। जिनके पास ना तो वैद्य डिग्री होती है और ना ही को प्रमाण पत्र ना ही अनुभव होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश झोला छाप डाक्टरों को बोलबाला है। जो बिना किया पंजीयन व योग्यता के क्लीनिक का संचालन करते रहते है। जिले के प्रत्येक गांव में एक से दो झोलाछाप डॉक्टर मिल जायेगे। इसी क्रम में ग्राम नयागांव बिना पंजीयन के पैथोलॉजी के संचालन की जानकारी प्राप्त हुई कि मां नर्मदा स्वास्थ्य केन्द्र नयागांव के नाम से पैथोलॉजी खोली गई। वही उक्त डॉक्टर द्वारा ग्राम महादेव पिपरिया में क्लीनिक का संचालन भी किया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की ऐसे झोलाछाप डॉक्टर पर ठोस कार्रवाई की जाए। वही सूत्रों की मिली जानकारी के अनुसार उक्त डॉक्टर को अवैध क्लीनिक संचालन में उच्च स्तरीय नेता के संरक्षण की बात भी सामने आई है। अब देखना होगा कि प्रशासन की जांच में क्या सामने आता है।



### जनसुनवाई में श्री पटेल सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह 193 आवेदन प्राप्त हुए। जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगे श्री पटेल के समक्ष रखीं। उन्होंने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कई मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान कराया जनसुनवाई अब आमजन और जनप्रतिनिधि के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं। विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस सप्ताह आयोजित जनसुनवाई में कुल 193 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कई प्रकरणों को संबंधित विभागों को तत्काल भेजा गया है, जबकि अनेक मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कैम्प आयोजित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर शहर के कार्यालय प्रांगण में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें विद्युत विभाग. ऊर्जा विकास निगम, बैंक कर्मचारी, एवं सोलर वेन्डर उपस्थित रहे। कैम्प के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के द्वारा योजना की जानकारी प्राप्त की गई। मौके पर 19 हितग्राहीयों के द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण कराया शासन की इस पहल जिसमें एक ही स्थान पर सेवा प्रदाता ,आर्थिक सहायता हेतु बैंक, एवं भौतिक सहायता के लिए संबंधित सोलर वेन्डर उपस्थित रहने की हितग्राहियों के द्वारा सराहना की गई है।

# मारपीट व एक लाख रुपए लूटने का आरोप, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी में 20 वर्षीय नरेश कुमार चैधरी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आनंद उर्फ मंझा चैधरी और पूनम यादव पर मारपीट, मोटरसाइकिल तोड़ने और एक लाख रुपए ले जाने का आरोप लगाया है। घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे की बताई गई है। नरेश के अनुसार वह झाड़ू खरीदने के लिए सहजपुर जा रहा था। माध्यमिक शाला के पास दोनों आरोपियों ने कथित रूप से उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी गई। नरेश ने शिकायत में बताया कि झाड़ू के व्यापार के लिए उसके पास हीरो कंपनी से लिया गया एक लाख रुपए का लोन था। आरोप है कि दोनों आरोपी मोटरसाइकिल सहित उक्त राशि लेकर चले गए। नरेश का आरोप है कि घटना के दिन ही उसने ठेमी थाने में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने यह भी आरोप लगाया कि दोनों आरोपी लगातार उसका रास्ता रोक रहे हैं और पुलिस में शिकायत करने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। नरेश ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने तथा मोटरसाइकिल और एक लाख रुपए वापस दिलाने की मांग की है।

# रेशम कीट पालन एवं कोकून निर्माण की प्रक्रिया से रूबरू हुए विद्यार्थी



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस शासकीय विद्यालय इमझिरा के नर्मदा ईको क्लब के छात्र छात्राओं ने रेशम संचालनालय के शासकीय रेशम केंद्र ढिलवार का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को रेशम उत्पादन रेशम कीट पालन तथा कोकून निर्माण की प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। लगभग 52 एकड़ क्षेत्र में फैले रेशम केंद्र में विद्यार्थियों ने अर्जुन के पेड़ों का अवलोकन किया। उन्हें बताया गया कि रेशम के कीट अर्जुन के पेड़ों की पत्तियों को खाकर अपना जीवन चक्र पूरा करते हैं तथा आगे चलकर कोकून रेशम का कोया तैयार करते हैं। विद्यार्थियों ने रेशम कीट से कोकून बनने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा और रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में प्रकृति पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता तथा कृषि आधारित गतिविधियों के प्रति जागरूकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हुआ। ईको क्लब द्वारा आयोजित यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं अनुभवात्मक शिक्षा का महत्वपूर्ण अवसर रहा।इस मौके पर ईको क्लब प्रभारी राकेश पटैल विज्ञान शिक्षक तथा विद्यालय परिवार ने बताया कि विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण से जोड़ना ईको क्लब की गतिविधियों का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

# दो कारों की भिड़ंत, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नकटुआ चैराहे पर गुरुवार को एर्टिगा और स्कॉर्पियो कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एर्टिगा सड़क पर पलट गई, जबकि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना में किसी व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर 112 वाहन में तैनात संतोष शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति को व्यवस्थित कराया। दुर्घटना के चलते कुछ समय तक चैराहे पर भीड़ रही। बड़ा हादसा होने के बावजूद प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जनहानि नहीं हुई।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत तिंसरा में जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन



करेली। ग्राम पंचायत तिंसरा, विकासखंड करेली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान पौधारोपण, नवीन कार्यों का भूमि पूजन तथा ग्राम के समस्त जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव ने पौधारोपड़ कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग करेली की उपयंत्री सुश्री माधुरी यादव, श्रीमती अनामिका श्रीवास्तव, सरपंच प्रशांत कौरव, सचिव प्रेम नारायण पटेल, पंचायत के सभी सदस्य, जीआरएस एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

**राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

# कांग्रेस ने काली पट्टी बांध कर मनाया काला दिवस

### गांधी स्मारक पर पहुंचकर किया माल्यार्पण





तेंदूखेड़ा

बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथ में काली पट्टी बांध कर धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की तथा गांधी प्रतिमा के सामने एकत्रित होकर माल्यार्पण किया तथा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार कार्यालय में सौंपा गया। जिसमें विधानसभा प्रभारी मनीष राय के साथ किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल वरिष्ठ नेता महेंद्र तिजोडी वाले ब्लाक कांग्रेस कमेटी के ओमप्रकाश पटेल एवं नगर कांग्रेस के कमल जैन जनपद पंचायत अध्यक्ष शोभरन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा दिल्ली में विपक्षी नेताओं पर पुलिस कार्रवाई किए जाने के विरोध में बुधवार को संपूर्ण प्रदेश में काला दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने। निर्वाचन प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी सहित ब्लाक के सांसदों को रोके जाने एवं उन्हें पुलिस हिरासत में लिए जाने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार सुनिश्चित करने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज पुलिस बल प्रयोग की तत्काल न्यायिक जांच किए जाने दोषियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की मांग प्रमुख रूप से शामिल हैं।